निगम के कुर्की दल ने बकाया कर 9.13 लाख रूपये वसूल किये

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई ने अपनी वित्तीय स्थिति सुदृढ करने आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर गठित कुर्की दल ने गुरूवार को जोन–2 वैशाली नगर एवं जोन–4 शिवाजी नगर क्षेत्र के बकायादारों से राशि 9.13 लाख रूपये वसूल किया गया है। आयुक्त ने निगम की वित्तीय स्थिति में सुधार करने लगातार वसूली एजेंसी को पत्र जारी कर स्थिति सुधारने निर्देशित किये थे। साथा ही शहर के बड़े बकायादारों से संपत्तिकर की लंबित राशि की वसूली हेतु कुर्की दल का गठन किया गया है। कुर्की दल बड़े बकायादारों के स्थल पर पहुंच कर संपत्ति को सील करने की कार्यवाही कर रहे हैं, किन्तु कुर्की दल के मौके पर पहुंचते ही भवन अथवा भूमि स्वामी द्वारा संपत्तिकर राशि का भुगतान किया जा रहा है।

कुर्की वसूली दल ने गुरूवार को राशि 9,13,879.00 रूपये की वसूली किया है। नगर निगम भिलाई का नागरिको से अपील किया है कि निगम के लंबित करो का भुगतान वित्तीय वर्ष समाप्ति के पूर्व कर के लगने वाले अधिभार से बचे और राशि का भुगतान कर शहर के विकास में सहयोग करें। कुर्की दल में सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे, बसंत देवांगन, सुनील जोशी, बेदखली नोडल विनय शर्मा, सहायक नोडल हरि ओम गुप्ता, संजीव तिवारी, कृष्ण कुमार सुपैत, समीर अहमद, मंगल, सतनाम, ईश्वर चन्द्र, पी मधुसुदर आदि उपस्थित रहे।